भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

07.08.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2639 का उत्तर

करूर रेलवे स्टेशन पर अपरिचालित लिफ्ट

2639. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या करूर रेलवे स्टेशन के लिए संस्वीकृत लिफ्ट परिचालन में नहीं है और यदि हां, तो उक्त लिफ्ट को कब तक चालू कर दिया जाएगा; और

(ख) क्या सरकार का नामाक्कल स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने का कोई प्रस्ताव है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

करूर रेलवे स्टेशन पर अपरिचालित लिफ्ट के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में श्री माथेश्वरन वी. एस. के अतारांकित प्रश्न सं. 2639 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): रेल मंत्रालय ने हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरूआत की है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ सतत् आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है।

इसमें प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर स्टेशनों तक पहुंच मार्ग को बेहतर बनाने, परिचलन क्षेत्रों, प्रतीक्षालयों, शौचालयों, आवश्यकता अनुसार लिफ्टों/स्वचालित सीढ़ियों, प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार और प्लेटफॉर्म के ऊपर कवर, स्वच्छता, निःशुल्क वाई-फाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणालियों, एक्जीक्यूटिव लाउंजों, व्यापारिक बैठकों के लिए निर्दिष्ट स्थान, लैंडस्केपिंग आदि जैसी सुख-सुविधाओं को बेहतर करने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध तरीके से इनका कार्यान्वयन शामिल है।

इस योजना में आवश्यकता, चरणबद्धता और व्यवहार्यता के अनुसार स्टेशन भवन में सुधार, शहर के दोनों छोर के साथ स्टेशन का एकीकरण, मल्टीमोडाल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्थायी और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित रेलपथ का प्रावधान और दीर्घकाल में स्टेशन पर सिटी सेंटरों के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

अब तक क्षेत्रीय रेलों और प्रमुख शहरों तथा कस्बों में स्थित स्टेशनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर इस योजना के अंतर्गत 1324 स्टेशनों का चयन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत विकास करने के लिए 1324 स्टेशनों में से तमिलनाडु राज्य में करूर और नामक्कल स्टेशन सहित 77 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है।

करूर और नामक्कल रेलवे स्टेशनों पर, निविदाएं प्रदान की जा चुकी हैं तथा लिफ्टों आदि के प्रावधान सहित स्टेशन भवन, परिचलन क्षेत्र, प्रवेश द्वार, शौचालय, प्रतीक्षालय, पैदल पार पुल, प्लेटफार्मों के सुधार का कार्य शुरू किया जा चुका है।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर स्टेशनों का उन्नयन/विकास/पुनर्विकास एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्य परस्पर प्राथमिकता और धन की उपलब्धता के

अध्यधीन आवश्यकता के अनुसार किए जाते हैं। बहरहाल, स्टेशनों के उन्नयन/विकास/पुनर्विकास के लिए कार्य को मंजूरी देने और निष्पादित करते समय निम्न कोटि के स्टेशनों की तुलना में उच्च कोटि के स्टेशनों को प्राथमिकता दी जाती है।

*****